मध्यप्रदेश विधान सभा

अक्टूबर-दिसम्बर, 2000 सत्र

दैनिक कार्य सूची

मंगलवार, दिनांक 7 नवम्बर, 2000 (कार्तिक 16,1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. जुलाई-अगस्त, 2000 सत्र के प्रश्नों के अपूर्ण उत्तरों के पूर्ण उत्तरों का पटल पर रखा जाना

3. नियम 267-क के अधीन जुलाई-अगस्त, 2000 सत्र में सदन में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना

4. राज्यपाल की अनुमति प्राप्त विधेयकों की सूचना

5. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री बाबूलाल गौर, केदार नाथ शुक्ल, भूपेन्द्र सिंह, सदस्य, मध्यप्रदेश विद्युत मंडल की दोषपूर्ण कार्य प्रणाली से शासन को हो रही हानि की ओर ऊर्जा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, सदस्य, चंबल संभाग में सिंचाई हेतु पानी की वैकल्पिक व्यवस्था न किये जाने की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

6. सभापति तालिका की घोषणा

7. शासकीय विधि विषयक कार्य

निर्धारित समय 2 घन्टे

श्री बाला बच्चन, राज्यमंत्री सार्वजनिक उपक्रम, प्रस्ताव करेंगे कि मध्यप्रदेश सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों का लोक सेवा में संविलयन प्रतिषेध विधेयक, 2000 (क्रमांक 27 सन् 2000) पर विचार किया जाय.

उक्त प्रस्ताव के पारित होने तथा विधेयक पर खण्डशः विचार हो चुकने पर प्रस्ताव करेंगे कि विधेयक पारित किया जाय.

8. प्रतिवेदनों पर चर्चा

3 घन्टे

मध्यप्रदेश लोक आयुक्त और उप लोक आयुक्त का सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997-98 एवं 1998-99, लोक आयुक्त संगठन का सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 1997-98 एवं 1998-99 व्याख्यात्मक ज्ञापन तथा मध्यप्रदेश लोक आयुक्त और उप लोक आयुक्त के सोलहवां एवं सत्रहवां वार्षिक प्रतिवेदन के अंग्रेजी अंश का हिन्दी रूपान्तर पर चर्चा.

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 6 नवम्बर, 2000

पृथक से -

मध्यप्रदेश विधान सभा के भूतपूर्व अध्यक्ष, श्री मुकुन्द सखाराम नेवलकर, भूतपूर्व सदस्य विधान सभा, राजा ललित कुमार सिंह तथा श्री ज्ञानेन्द्र सिंह जूदेव के निधन उल्लेख करने के बाद दिनांक 7.11.2000 को सभा की कार्यवाही दिनांक 8.11.2000 तक के लिए स्थगित की गई.